## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

तत्त्वज्ञान (वर्ष : 2025) दिनांक : 17.08.2025

समय सीमा : 3 घंटा चतुर्थ वर्ष : द्वितीय प्रश्न पत्र पूर्णांक : 100

### नव पदार्थ-आश्रव संवर–50

प्र. 1 किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर लिखें– 16

आश्रव–किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर लिखें–

(क) स्पर्शन क्रिया आश्रव को समझाएं।

(ख) निर्ग्रन्थ कौन होते हैं?

(ग) बीस आश्रव में सावद्य कितने तथा निरवद्य कितने हैं?

(घ) आगम में वर्णित नौ त्रिकों के केवल नाम लिखें?

(ङ) पांच प्रकार के मिथ्यात्व कौन से हैं? केवल नाम लिखें।

(च) ध्यान को परिभाषित करें।

(छ) व्यवसाय किसे कहते हैं व इसके कितने प्रकार हैं?

(ज) प्रेक्षा असंयम को समझाए?

संवर–किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें–

(झ) गुप्ति किसे कहते हैं और उसके कितने भेद हैं?

(ञ) उपकरण संवर का अर्थ लिखें।

(ट) औपशमिक व क्षायिक चारित्र की स्थिति कितनी होती है?

प्र. 2 निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें– 10

आश्रव–

(क) योग निरोध की प्रक्रिया बतायें?

***अथवा***

संज्ञा की परिभाषा लिखते हुए चार प्रकार की संज्ञाओं को समझाएं?

संवर–

(ख) संवर के प्रथम पांच भेदों का विवेचन करें।

***अथवा***

संवर तत्त्व को परिभाषित करें।

प्र. 3 निम्न प्रश्नों के उत्तर सविस्तार लिखें– 24

आश्रव–

(क) असंयम के सत्रह भेदों की चर्चा करें।

***अथवा***

सिद्ध करें कि कर्म और आश्रव भिन्न-भिन्न हैं।

संवर–

(ख) अनुप्रेक्षा किसे कहते हैं? उसके भेदों का वर्णन करें।

***अथवा***

पांचों चारित्र का विवेचन करें।

## अवबोध (मनुष्य से शील धर्म)–30

प्र. 4 किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर लिखें– 6

(क) संमूर्च्छिम मनुष्य का स्वरूप क्या है?

(ख) क्या तिर्यंच श्रावक बारहव्रती होते हैं?

(ग) नरकावासों में गंध कैसी है?

(घ) जाति स्मरण ज्ञान किसे कहते हैं?

(ड़) चारित्र सरागी है या वीतरागी?

(च) औपशमिक सम्यक्त्वी क्या क्षपक श्रेणी पर आरूढ़ हो सकता है?

(छ) सुपात्र की कसौटी क्या है?

(ज) ब्रह्मचारी मरकर कहां जाता है?

प्र. 5 किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर लिखें– 12

(क) शील किसे कहते हैं?

(ख) लोकोत्तर दान के कितने प्रकार हैं?

(ग) तिरेसठ शलाकापुरूषों में कौन कितने चारित्र ग्रहण कर सकते हैं?

(घ) सम्यक्त्व किसे कहते हैं? इसकी प्राप्ति कैसे होती है?

(ड़) मनःपर्यव ज्ञान के कितने प्रकार हैं?

(च) कोई नारक जीव देव आदि के सहयोग से क्या नरकायु अन्यत्र भोग सकता है?

(छ) क्या उर्ध्व और अधोलोक में त्रस जीव (तिर्यंच) हैं?

(ज) अकर्मभूमि एक जगह है या अलग-अलग क्षेत्रों में है?

प्र. 6 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें– 12

(क) नारक जीवों की स्थिति कितनी है?

(ख) सम्यक्त्व के दूषण और भूषण लिखें।

(ग) पांच चारित्र के कितने उपभेद हो सकते हैं?

## श्रावक संबोध–20

प्र. 7 कोई चार पद्य लिखें– 12

(क) दर्शन सप्तक वाला पद्य लिखें।

(ख) गुणव्रतों को श्रावक जीवन का आभूषण बताने वाला पद्य लिखें।

(ग) जिन शासन के अक्षय वट वृक्ष वाला पद्य लिखें।

(घ) चंद्रमा के समान उज्ज्वल व्रतों वाला पद्य लिखें।

(ङ) 'जाए लाख रहे साख' वाला पद्य लिखें।

प्र. 8 किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखें– 8

(क) अणुव्रत को त्रिपथगा क्यों कहा गया है?

(ख) शूलपाणि प्रदत्त भयंकर कष्टों का महावीर पर प्रभाव क्यों नहीं हुआ?

(ग) हिंसा के अल्पीकरण के कितने प्रयोग हैं? समझायें।

(घ) श्रावक व अनुयायी में अंतर बताएं।

(ङ) मोह की चिकित्सा के स्तरों को समझाएं।